भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 1549
(सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)

आईटी क्षेत्र में निवेश के रुझानों को ट्रैक करना

1549. सुश्री कंगना रनौतः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार, कंपनी अधिनियम के तहत अनुरक्षित वैधानिक दस्तावेजों और डेटाबेस के माध्यम से, हाल के वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आईटी-सक्षम सेवा क्षेत्र में निवेश और पूंजी निर्माण के रुझानों को ट्रैक करती है और यदि हां, तो पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान सामने आए व्यापक वर्षवार रुझान क्या हैं;
(ख) क्या निर्माण, एटीएमपी/ओएसएटी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग/आउटसोर्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) डिजाइन और पैकेजिंग सहित सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में संलग्न कंपनियों के लिए निगमन, पूंजी जुटाने और निवेश गतिविधि की समान ट्रैकिंग उपलब्ध है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क)(ख) और (ग) मंत्रालय, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कंपनियों द्वारा किए गए निवेश और पूंजी निर्माण के रुझान पर नज़र नहीं रखता है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) रजिस्ट्री और कंपनी निगमन संबंधी सेवाओं के लिए आद्योपात ई-गवर्नेंस एमसीए-21 परियोजना का संचालन कर रहा है। हितधारक कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के विभिन्न प्रावधानों के तहत एमसीए21 पोर्टल पर ई-प्ररूप, सांविधिक वार्षिक रिटर्न के साथ वित्तीय विवरण फाइल करते हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान, सूचना प्रौद्योगिकी, आईटी-सक्षम क्षेत्र और सेमीकंडकटर एवं विद्युत क्षेत्र के विनिर्माण में लगी कंपनियों की संख्या अनुलग्नक में दी गई है।

जारी.... 2/-

अनुलग्नक

आईटी क्षेत्र में निवेश रुझानों का पता लगाने के संबंध में लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1549 के पैरा (क), (ख) और (ग) से संदर्भित (वित्तीय वर्ष के लिए कंपनियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी के आधार पर)

वित्तीय वर्ष*	सूचना प्रौद्योगिकी और आईटी-सक्षम क्षेत्र की कंपनियां	सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र की कंपनियों का विनिर्माण
2020-21	20,509	5,641
2021-22	23,543	6,100
2022-23	22,939	6,008
2023-24	24,070	5,562
2024-25	23,599	5,441

*31 दिसम्बर, 2025 तक की फाइलिंग

******